नाली जाम करने वालो से निगम ने वसूला जुर्माना

भिलाईनगर/निगम क्षेत्र के नाली को जाम करने वालो के विरूद्व कार्यवाही कर स्वास्थ्य अमले ने 14 हजार रूपया अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया, ताकि बरसात के दिनो में वर्षा जल जमा न हो इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र के छोटे बड़े नालियों की सफाई किया जा रहा है। नाली के उपर सामान रखकर अवैध निर्माण करने अथवा कचरा डाल कर चोक करने वालो के खिलाफ अर्थदण्ड की कार्यवाही भी किया जा रहा है। आयुक्त क्षेत्र भ्रमण कर सफाई कार्य का मानिटरिंग कर रहे है।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सभी जोन आयुक्त प्रातः मैदानी क्षेत्रो में उतर कर सफाई कार्य करवा रहे है। सोमवार को जोन-2 के जोन आयुक्त येशा लहरे अपनी सफाई टीम के साथ वृन्दानगर गौरव पथ पहुंची तो रजनी टाइल्स दुकान के मालिक ने नाली के उपर विक्रय सामग्री रखा था , जिससे नाली के सफाई में बाधा बन रहा था , उनसे अर्थदण्ड के रूप मे दो हजार रूपये वसूला गया। उसी प्रकार सुपेला माया यादव से 5 हजार, कैलाश नगर में मिन्टू सिंह से 5 हजार तथा अशोक कुमार से 2 हजार रूपये इस प्रकार 14 हजार रूपया अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया गया। बता दे कि जोन का स्वास्थ्य अमला लगातार क्षेत्र भ्रमण कर नाली में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगो को समझाईस देकर उन्हे अवैध निर्माण तथा बिडिंग मटेरियल को हटाने के लिए समय दिया गया था , किन्तु दुबारा जाॅच में स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आने पर नाली को जाम करने वालो के विरूद्व जुर्माना वसूली की कार्यवाही की है। आयुक्त के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रो में नालियो की आकार को ध्यान में रखकर आवश्यकतानुसार जे.सीबी. मशीन से तथा कामगार लगाकर नालियो की गहराई से सफाई कार्य किया जा रहा है।